आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :274 पृष्ठ -4 दिनांक 01 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार

## सीएम योगी ने की तारीफ तो खुशी से झूम उठे कन्हैया लाल मित्तल

### गायक कन्हैया मित्तल ने सीएम योगी के भाषण की एक क्लिप अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरियाणा विधानसभा चुना में जोरों–शोरों से चुनाव प्रचार कर रहे हैं. इसी दौरान एक जनसभा में उन्होंने जो राम को लाए हैं भजन गाने वाले गायक कन्हैया मित्तल का जिक्र किया. जिसे सुनकर कन्हैया मित्तल खुशी से झूम उठे. उन्होंने सीएम योगी को इसके लिए धन्यवाद दिया और कहा कि मुझे कई लोगों ने गिराने की कोशिश की लेकिन वो खुद ही गिर गए. गायक कन्हैया मित्तल ने सीएम योगी के भाषण की एक क्लिप अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की जिसमें सीएम योगी उनकी आवाज और भजन की तारीफ करते हुए उन्हें संबोधित करते हैं कि श्जिनकी आवाज ने पूरे देश और सनातनधर्मियों को विभूत किया. श्जो राम को लाए हैं.. श्इस भजन को लोकप्रिय बनाकर आम जन तक पहुंचाने वाले सुप्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल जी. सीएम योगी की तारीफ से खुश हुए कन्हैया मित्तल कन्हैया मित्तल ने सोशल मीडिया अक. ाउंट पर लिखा– श्आज पंचकुला में सीएम योगी आदित्यनाथ आपके प्यार और स्नेह के लिए आभार. ना मैं गिरा, ना मेरी उम्मीदों की मिनारी गिरें. कुछ लोग मुझे गिराने में कई बार गिरें.श कन्हैया मित्तल ने ही यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान श्जो राम को लाए हैं..श भजन गाया था. ये गाना काफी पॉपुलर हुआ था और बीजेपी के ज्यादातर कार्यक्रमों में सुनाई देता था.दरअसल कन्हैया मित्तल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच एक वीडियो जारी कर ऐलान किया था कि वो कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकते हैं. बताया जा रहा है कि वो पंचकूला सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने कांग्रेस में जाने की बात की. हालांकि बाद में उन्होंने इससे इनकार कर दिया. उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि मैंने महसूस किया कि सभी सनातनियों और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मुझे बहुत प्यार करता है. मैं नहीं चाहता कि कोई भी सनातनी विश्वास खो दे.

## प्रयागराज ट्रेनी डॉक्टर की मौत के मामले में 3 डॉक्टर्स परFIR

### परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई

संगम नगरी प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव की संदिग्ध मौत का मामला लगातार उलझता जा रहा है. घटनास्थल की परिस्थितियां जहां इंजेक्शन लगाकर कार के अंदर खुदकुशी किए जाने की तरफ इशारा कर रही थी. वहीं मौत का शिकार हुए ट्रेनी डॉक्टर के परिवार वालों ने इस मामले में अब हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है. ट्रेनी डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव की बहन डॉ० अदिति श्रीवास्तव ने शहर के कोतवाली पुलिस स्टेशन में मेडिकल कॉलेज के ही तीन डॉक्टरों डॉ शिवम गुप्ता, डॉ सचिन यादव और डॉक्टर अनामिका के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है.



बहन डॉ० अदिति श्रीवास्तव की शिकायत पर प्रयागराज पुलिस ने आरोपी डॉक्टर्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस 2023 की धारा 103 के तहत केस दर्ज किया है. शिकायत दर्ज करने वाली बहन डा० अदिति श्रीवास्तव बिजनौर जिले में जेल सुपरिंटेंडेंट है. जिन तीन डॉक्टर्स के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ है, उनमें डॉ० शिवम गुप्ता जूनियर रेजिडेंट थर्ड इयर हैं. जबकि डॉक्टर सचिन यादव ऑर्थो डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, वहीं डॉ० अनामिका सिंह आई डिपार्टमेंट में जूनियर रेजिडेंट सेकंड ईयर हैं.

**क्या लगाया आरोप** एफआईआर में डा० शिवम गुप्ता पर शारीरिक और मानसिक रूप से उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है. आरोप लगाया गया है कि एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० सचिन यादव ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि मृतक डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव पैर में डीवीटी की समस्या से पीड़ित थे. इसके बावजूद उन्हें 36 से 48 घंटे खड़े कर ड्यूटी कराई जाती थी. अपनी समस्या बताने पर उन्हें बेइज्जत कर बाहर निकाल दिया जाता था. महिला ट्रेनी डॉक्टर अनामिका सिंह पर आरोप है कि वह एक साल तक मृतक डॉक्टर कार्तिकेय की करीबी दोस्त रही, लेकिन उसके बाद अचानक उन्होंने बातचीत करना बंद कर दिया था.एफआईआर के मुताबिक मृतक डॉक्टर कार्तिकेय ने जब अनामिका से इसकी वजह पूछी तोउसने भी अपमानित किया था और कहा थाकि वह अब और किसी के साथ है. शिकायत में कहा गया है इसके बाद कभी भी मृतक डॉक्टर कार्तिकेय ने डॉक्टर अना. मिका से बात नहीं की. हालांकि डॉक्टर अनामिका कभी–कभी फोन कर मृतक कार्तिकेय श्रीवास्तव से बात करती थी. आशंका जताई गई है कि डॉ० अनामिका के बॉयफ्रेंड द्वारा डॉक्टर कार्तिकेय को रास्ते से हटाने की साजिश की गई है और उनकी हत्या की गई है.

### झांसी में सनसनीखेज वारदात, मां ने ढाई साल की मासूम बच्ची की गला काटकर की हत्या

झांसी से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक मां ने अपनी मासूम बच्ची की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।झांसी के बबीना में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां मां ने अपनी ढाई साल की मासूम बच्ची की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने मां को हिरासत में ले लिया और उसे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। ग्वालियर में उसका इलाज चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, बबीना थाना इलाके के न्यू पंप हाउस निवासी रश्मि यादव पूरे परिवार के साथ रहती है। मंगलवार दोपहर करीब 11रू30 बजे उसने अपनी ढाई साल की बिटिया परी की गला रेत कर हत्या कर दी। खून से सना चाकू लेकर कमरे से बाहर निकलने पर वहां अफरा तफरी मच गई। सूचना पुलिस को दी गई। बबीना थाना प्रभारी सुशील द्विवेदी भी सूचना मिलते ही फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने आरोपी मां को हिरासत में ले लिया। उसके पति अजय यादव की करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### भदोही में मंदिर के पुजारी की संदिग्ध हालात में मौत, लोगों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में एक मंदिर के बुजुर्ग पुजारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. बुजुर्ग पुजारी का खून से लथपथ शव मंदिर परिसर में बने एक कमरे से मिला था. इस घटना की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई. इस घटना की सूचना मिलने के घंटों बाद पुलिस मौके पर पहुंची.फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गई है. इस संबंध में पुलिस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बयान जारी कर बताया कि पुजारी की मौत पहले से लगे घाव के कारण हुई है. इसके बाद मंदिर के अन्य पुजारियों के साथ स्थानीय लोगों ने पुलिस पर जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है.100 साल पुराना है मंदिर पूरा मामला भदोही के सुरियावां थाना क्षेत्र का है, यहां 52 बीघा तालाब में लगभग 100 साल पुराना हनुमान मंदिर है. मंदिर के बुजुर्ग पुजारी सीताराम का संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ शव पड़ा मिला. रोज की तरह दर्शन पूजन के लिए पहुंचे भक्तों को जब पुजारी मुख्य मंदिर में नहीं दिखे तो उन्हें शंका हुई.मंदिर के परिसर में बने कमरे में देखा तो पुजारी अर्धनग्न अवस्था में पड़े हुए मिले. मौके पर मौजूद सामान की स्थिति को देखते हुए लोगों ने मंदिर से कुछ दूर स्थित पुलिस थाने में इसकी सूचना दी. कथित तौर पर सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.पहले भी हो चुकी हैं ये घटनाए स्थानीय लोगों ने दावा किया कि इससे पहले भी कई चोरियां हुई हैं और मूर्ति खंडित की गई. इसके अलावा पुजारी को भी जान से मारने की धमकी मिली, जिसकी सूचना देने के बा. वजूद जनपद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है. लोगों का कहना है कि जिस जिस अनहोनी की आशंका थी आज वही हुआ, 25 साल से मंदिर की देखरेख और पूजा करने कराने वाले बुजुर्ग पुजारी की निर्मम हत्या कर दी गई. मृतक एक करीबी जय प्रकाश धर्माचार्य ने बताया कि पुजारी सीताराम रामानन्द संप्रदाय के संत थे. जय प्रकाश धर्माचार्य ने बताया कि मंदिर के आसपास लगातार चंघाई सभाएं और धर्मांतरण हो रहा था, जिसका पुजारी सीताराम पुरजोर विरोध कर रहे थे. इस मामले में थानों में शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया और पुजारी का गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया गया.बीकेएस ने पुलिस पर लगाए आरोपभारतीय किसान संघ के प्रांत अधिकारी अनिल मिश्रा ने पुलिस आरोप लगाया कि बुजुर्ग पुजारी ने थाने और उच्च अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि मुझे जान से मारने की साजिश हो रही है. कई बार उन्हें धमकियां भी मिली है, लेकिन जनपद की तेज तर्रार पुलिस सोई रही और आज पुजारी की निर्मम हत्या हो गई,एएसपी ने वीडियो में किया ये दावाअपर पुलिस अधीक्षक डॉ तेजवीर सिंह ने भदोही पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी कर बताया कि घटना की सूचना पर हमारी पुलिस तत्काल पहुंच गई थी, इसके अलावा पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी घटनास्थल पर पहुंच मौके का मुआयना किया है. एएसपी ने वीडियो में बताया है की पुजारी के गले में पहले के घाव हैं और वहां की परत उखड़ गई है. मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है.

### बरेली कोर्ट का श्लव जिहादश मामले में ऐतिहा. सिक फैसला, दोषी को मिली आजीवन कारावास की सजा

उत्तर प्रदेश के बरेली में लव जिहाद के मामले कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है. इस मामले में कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा के साथ ही एक लाख रुपये का आर्थिक दंड भी लगायागया है. उत्तर प्रदेश सरकार के ऑपरेशन कनविक्शन के तहत यह ऐतिहासिक फैसला आया है. इस मामले में आरोपी के पिता को भी सजा सुनाई गई है. कोर्ट ने भोजीपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद आलिम पुत्र मोहम्मद साबिर उर्फ रफीक अहमद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. दोषियों पर दर्ज थे ये मामलेकोर्ट ने मोहम्मद आलिम के पिता साबिर उर्फ रफीक अहमद को दो साल की सजा सुनाई है. इस मामले में आईपीसी की धारा 376(2)(द), 323, 504, 506 के तहत देवरनिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था. मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने मोहम्मद आलिम को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और उसके पिता को दो साल की सजा सुनाई है. दरअसल, पीड़िता बरेली के राजेंद्र नगर में कंप्यूटर की कोचिंग करती थी. यहीं पर मोहम्मद आलिम भी कंप्यूटर की कोचिंग क्लास लेने आता था. इस दौरान उसने अपना नाम आनंद बताकर पीड़िता से दोस्ती की. इसके बाद मोहम्मद आलिम ने उसे लव जिहाद का शिकार बनाया. पीड़िता से मारपीट करने का आरोपआरोपी युवक उसे मंदिर ले गया, जहां उसकी मांग भरकर शादी करने का झांसा दिया. इसके बाद उसने युवती को अपने दोस्त के कमरे पर ले जाकर हवस का शिकार बनाया. इतना ही नहीं आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे धमकाया और फिर कई बार उसे हवस का शिकार बनाया. पीड़िता जब आरोपी के घर पहुंची तब उसे पता चला जिसे वो आनंद समझ रही थी वो मोहम्मद आलिम है. मोहम्मद आलिम के परिवार वालों ने पीड़िता के साथ मारपीट की और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया. जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो उसका जबरन गर्भपात करवा दिया गया. इस मामले में 6 महीने के अंदर अदालत में अपना फैसला सुनाया है. आदेश की प्रति बरेली को भेजी गई एडीजीसी दिगंबर पटेल ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम रवि कुमार दिवाकर ने अपने आदेश में कहा है कि आदेश की एक प्रति वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को प्रेषित की जाए, जिससे वह जनपद के सभी थानों की पुलिस को सचेत करें.इस आदेश में कहा गया है कि जहां कहीं भी लव जिहाद के माध्यम से अवैध धर्मांतरण का मामला या इस तरह के अन्य मामले सामने आएं, तो सुसंगत प्रावधानों के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के अंतर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए.पुलिस ने थपथपाई अपनी पीठ एसपी सिटी मानुष पारिक ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के जरिये चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत ये मुकदमा चिह्नित किया गया था. इसमें 30 सितंबर 2024 फैसला आया है. उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के कुशल नेतृत्व और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, नोडल अधिकारी ऑपरेशन कन्विक्शन जनपद बरेली और थाना के पैरोकार के प्रभावी पैरवी के क्रम में सजा करायी गयी है.

### आगरा के एक होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला महिला हॉकी प्लेयर का शव, पुलिस जांच में जुटी

आगरा में एक होटल के कमरे में युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया. युवती फतेहाबाद रोड स्थिति होटल के कमरे में रुकी थी. युवती स्टेट लेवल की हॉकी की खिलाड़ी बताई जा रही है. इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया.पूरा मामला आगरा के फतेहाबाद रोड स्थित होटल ऑफ ताज का है. जहां युवती 29 सितंबर को होटल में एक कमरा बुक किया था, चेकइन करने के बाद युवती होटल के कमरे में चली गई. बताया जा रहा है कि रात में एक युवक युवती से मिलने आया था. बाद में होटल कर्मियों को युवती का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला था. फंदे से लटका हुआ मिला था शव इसका खुलासा तब हुआ जब चेक आउट के टाइम पर होटल कर्मियों ने युवती के रूम का दरवाजा खटखटाया पर कमरे के अंदर से कोई आवाज नहीं आई. काफी देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल कर्मियों ने खिड़की से झांक कर देखा तो अवाक रह गए. युवती का शव कमरे के फंदे से लटका हुआ मिला था.ये देखकर होटल स्टाफ में अफरा तफरी मच गई. होटल कर्मियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और होटल का दरावाजा खोला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.हॉकी प्लेयर है युवतीप्राप्त सूचना के मुताबिक, मृतक युवती आगरा के सदर क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि युवती हॉकी प्लेयर है और एक प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए घर से निकली थी. उसने फतेहाबाद रोड स्थित स्टार ऑफ ताज में स्टे किया था. इस दौरान युवती से मिलने एक युवक भी आया था. युवती के पास से उसका मोबाइल फोन मिला है. जिसमें ऑडियो कॉल और मैसेज है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है. पुलिस ने युवती के मौत की सूचना परिजनों को दी है. इसकी सूचना मिलते ही कोहराम मच गया है.

**पुलिस ने क्या कहा?**

इस मामले पर एसीपी सैयद अरीब अहमद ने बताया कि होटल में युवती का शव मिला है. जिसके बाद मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाया गया, युवती की उम्र करीब 22 साल है. उन्होंने बताया कि युवती के परिवार को सूचना दी गई है और पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया गया है. तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी.

# गोविंदा को गोली लगने पर यूपी के बीजेपी नेता ने जताया शक

अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गलती से गोली चलने के कारण घायल हो गए. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेता तड़के करीब चार बजकर 45 मिनट पर अपने जुहू स्थित आवास से निकलने वाले थे तभी रिवॉल्वर से गलती से गोली चल गयी जो उनके पैर में लगी. अभिनेता ने कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी है.उन्होंने बताया कि गोविंदा (60) को इलाज के लिए नजदीकी 'क्रिटीकेयर अस्पताल' ले जाया गया. अभिनात की बेटी टीना आहूजा ने बातचीत में कहा कि पापा का ऑपरेशन सफल रहा. वह कम से कम 24 घंटे आईसीयू में रहेंगे. पापा



डॉक्टर्स की निगरानी में हैं. वहीं इस मामले पर बीजेपी नेता और पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने प्रतिक्रिया दी है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा– ऐसी खबर चल रही है कि प्रसिद्ध एक्टर गोविंदा को स्वंय के रिवाल्वर से खुद के घुटने में गोली लग गयी है. ये विषय सहज प्रतीत नहीं होता. इतने बड़े अदाकर के साथ ये कैसे हुआ सघन जांच का विषय है. वो शीघ्र स्वस्थ हो ऐसी मंगलकामना है.उधर अभिनेता के प्रबंधक ने कहा, ''हमें कोलकाता में एक कार्यक्रम के लिए सुबह छह बजे उड़ान भरनी थी और मैं हवाई अड्डा पहुंच गया था. गोविंदा जी अपने घर से हवाई अड्डे के लिए निकलने वाले ही थे कि तभी यह दुर्घटना हो गयी.'' उन्होंने बताया, ''रिवॉल्वर अलमारी में रखते समय गलती से गिर गयी और उससे गोली चल गयी. ईश्वर की कृपा रही कि गोविंदा जी को सिर्फ पैर में चोट लगी और कोई गंभीर स्थिति नहीं है.

## शादियों के मौसम में चमकेगा दिल्ली का व्यापार! 1.5 लाख करोड़ के कारोबार की संभावना



देश में अब शादियों का सीजन शुरु होने वाला है. बाजारों में फिर से रौनक आने वाली है और इस दौरान व्यापारियों की जमकर कमाई भी होगी. शादी–विवाह के आगामी मौसम में देश भर में करीब 4.5 लाख शादियां होने की उम्मीद के बीच दिल्ली का व्यापार चमकने की उम्मीद है. अकेले राष्ट्रीय राजधानी में ही करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है.खुदरा कारोबारियों के शीर्ष निकाय ने यह अनुमान जताया है. कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा क्षेत्र को शादियों के मौसम में सबसे अधिक फायदा होने की उम्मीद है. इसमें भारतीय उत्पाद विदेशी वस्तुओं पर भारी पड़ सकते हैं.श्लोग दे रहे हैं भारतीय उत्पादों को प्राथमिकताश्कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, श्श्इस अध्ययन से पता चला है कि उपभोक्ता भारतीय उत्पादों को अत्यधिक प्राथमिकता दे रहे हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्वोकल फॉर लोकलश और आत्मनिर्भर भारत के आह्वान की पुष्टि करता है.श्श12 नवंबर से शुरू होने वाला है शादियों का मौसमकैट के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस साल शादियों से संबंधित सोशल मीडिया सेवाओं पर बढ़ते खर्च का नया चलन देखने को मिल रहा है. बयान के मुताबिक, 12 नवंबर से शुरू होने वाले शादी के मौसम में देशभर में 48 लाख शादियां होने का अनुमान है. इससे 5.9 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा, जो पिछले साल के 4.25 लाख करोड़ रुपये से उल्लेखनीय इजाफे को दर्शाता है.किन–किन क्षेत्रों के व्यापार में इजाफे की उम्मीद. कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली में जिन प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण वृद्धि होने की उम्मीद है उनमें कपड़ा, आभूषण, बैंक्वेट हॉल, होटल, कार्यक्रम मैनेजमेंट और खानपान से संबंधित कई सेवाएं शामिल हैं.

## अभद्र टिप्पणी मामले में जया प्रदा ने कोर्ट में दर्ज कराया . बयान, कहा– सपा नेताओं को मिले कड़ी सजा

फिल्म अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा ने आज मुरादाबाद की स्पेशल एमपीध्एमएलए कोर्ट में 2019 में दर्ज कराये गये आपत्तिजनक टिप्णी के मामले में अपने बयान दर्ज कराए. जया प्रदा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा है. आज मैंने अपने बयान दर्ज करा दिए हैं. सपा नेता आम खान और डॉ एस टी हसन ने मि. हलाओं का अपमान किया है. ये लड़ाई मेरी अकेली की नहीं पूरे महिला समाज की है. मुझे न्याय मिलेगा और मै चाहती हूं कि महिलाओं के अपमान का यह सिलसिला त्म हो. जयाप्रदा सोमवार सुबह 11 बजे अपने वकील वैभव अग. वाल और अभिषेक भटनागर के साथ कोर्ट पहुंची और कई घंटे कोर्ट के अंदर रही. जहां उन्होंने अपना बयान दर्ज कराया और कहा कि कटघर थाने में 2019 में दर्ज कराई गई रिपोर्ट को सही बताया और न्यायालय से आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की. इस दौरान आरोपी सपा नेताओं में संभल के पूर्व जिला अध्यक्ष सपा नेता फिरोज खान, मुरादाबाद के सपा नेता आरिफ उर्फ आरिज मौजूद रहे. जया प्रदा ने दर्जा कराया बयानबता दें कि 2019 लोक सभा चुनाव का परिणाम आने के बाद मुरादाबाद के कटघर थाना इलाके में मुस्लिम डिग्री कॉलेज में समाजवादी पार्टी के एक कार्यक्रम में मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने रामपुर के पूर्व सांसद और सपा नेता आजम खान के स्वागत में कार्यक्रम रखा, जिसमें मंच से बोलते हुए उन्होंने पूर्व सांसद जया प्रदा पर अभद्र टिप्पणी की थी. इस कार्यक्रम में कई सपा नेता भी मौजूद थे. इस मामले में सपा नेता एसटी हसन, आजम खान समेत कई नेताओं पर कटघर थाने में केस दर्ज कराया गया था. आरोपी सपा नेताओं के वकीलों ने उनसे जिरह की अब कोर्ट इस मामले 25 अक्तूबर को आगे की सुनवाई करेगा. जयाप्रदा ने भरोसा दिया कि वो अगली



सुनवाई में भी हाजिर होंगी. इस केस के दो आरोपी सपा नेता आजम खान और उनका उनका बेटा अब्दुल्लाह आजम अन्य मामलों में पहले से ही जेल में सजा काट रहे हैं. आजम खान सीतापुर जेल में बंद है और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम हरदोई की जेल में सजा काट रहे हैं. जया प्रदा से जब फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के अवार्ड दिए जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि ये हमारे लिए बहुत खुशी की बात है. वो महान नायक हैं उन्होंने कई भाषाओँ में काम किया है. मिथुन दादा को यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है. क्योंकि मैंने उनके साथ अभी दो फिल्में की हैं मुझे बहुत अच्छा लगा. उन्होंने कहा आई लव यू दादा


**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

**अमित कुमार वर्मा**

सम्पादक करें

मो:8218049162,8273402499



**जननायक सम्राट**

हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित

सम्पादक

**अमित कुमार वर्मा**

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।


## भागलपुर में अचानक हुआ बम धमाका , गली में खेल रहे पांच बच्चे घायल

बिहार के भागलपुर जिले से मंगलवार (1अक्टूबर) को हबीबपुर थाना क्षेत्र में अचानक हुए बम विस्फोट की खबर सामने आई है. घटना शाहीगंज पंचायत के खिलाफत नगर मोहल्ले की है, घटना में पांच बच्चे घायल हो गए है. बच्चे मोहल्ले की ही गली में खेल रहे थे, तभी अचानक धमाका हुआ. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा–तफरी मच गई. सभी घायल बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है.

### अयोध्या की रामलीला का उद्घाटन कर सकते हैं पीएम मोदी, भेजा गया न्योता, ये सितारे आएंगे नजर



रामनगरी अयोध्या में इस बार फिर भव्य रामलीला की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. इस बार भी अयोध्या में होने वाली रामलीला में फिल्मी अभिनेताओं से लेकर लोक कलाकारों का जलवा देखने को मिलेगा. इस बार रामलीला मंचन में 42 से अधिक फिल्मी हस्तियां रामकथा का मंचन करते हुए दिखाई देंगी. इनमें बीजेपी सांसद मनोज तिवारी से लेकर लोक गायिका मालिनी अवस्थी तक का नाम शामिल है. अयोध्या में रामलीला का आयोजन 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक चलेगा. ये रामलीला नेशनल हाईवे स्थित श्री राम ऑडिटोरियम में की जाएगी. जिसके देखते हुए वैदिक रीति रिवाजों के मुताबिक भूमि पूजन भी संपन्न हो चुका है. अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इस रामलीला में भोजपुरी अभिनेता और बीजेपी सांसद रवि किशन केवट की भूमिका में दिखाई देंगे तो वहीं मनोज तिवारी बाली के रोल में दिखाई देंगे. फिल्मी सितारे करेंगे रामलीला का मंचनइनके अलावा फिल्म अभिनेता रजा मुराद भी इस रामलीला में अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे. भारी भरकम आवाज वाले रजा मुराद अहिरावण के रोल में दिखेंगे जबकि राकेश बेदी राजा जनक के किरदार में दिखेंगे. फिल्म एक्ट्रेस भाग्यश्री वेदमती के रोल में, मालिनी अवस्थी शबरी का किरदार निभाएँगी जिनके झूठे बेर भग. वान श्रीराम ने खाये थे. फिल्मअभिनेता राज माथुर भरत के किरदार में दिखेंगे. अयोध्या में फिल्मी सितारों की रामलीला का मंचन कराने अध्यक्ष सुभाष चंद्र ने बताया कि इस रामलीला का शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता भेजा गया है. ऐसे में पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी इस मंचन में शामिल हो सकते हैं. उनके अलावा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को भी निमंत्रण दिया गया है. बता दें कि अयोध्या में पिछले कुछ सालों से हर साल भव्य रामलीला का आयोजन किया जाता है. राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद पहली बार राम नगरी में रामलीला का मंचन हो रहा है. जिसमें कई फिल्मी कलाकार हिस्सा लेंगे. इनमें से कई ऐसे कलाकार भी शामिल हैं जिन्होंने पिछली बार भी अयोध्या में रामलीला मंचन में हिस्सा लिया था.

## मथुरा पहुंचे ट्रेड कमिश्नर व्यापारियों के साथ किया मंथन , बोले– भारत–ओमान के बीच व्यापार में बड़ी संभावनाएं




भारत की ओर से ओमान में नियुक्त ट्रेड कमिश्नर डॉ केएस राणा मंगलवार को मथुरा के कोसीकलां पहुंचे। यहां उन्होंने अनाज मंडी स्थित किसान भवन में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने व्यापारिक संबंध बढ़ाने पर चर्चा की। कहा कि ओमान सल्तनत एवं भारत सरकार के बेहतरीन संबंध हैं। भारत और ओमान के बीच व्यापार में बड़ी संभावनाएं हैं। कहा कि दोनों देश मिलकर जरूरत के हिसाब से उन संभावनाओं को तलाश कर उन पर काम करेंगे। इससे जहां कृषि ,चिकित्सा एवं शिक्षा सहित विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में प्रगति संभव है। कारोबारी रिस्तों को और कैसे मजबूत किया जाए इसको लेकर ओमान पहुंचकर अध्ययन करेंगे। इसके बाद उसी हिसाब से नीतियां बनाकर व्यापारिक रिस्तों को बेहतर बनाए जाने पर काम किया जाएगा। कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को नई ऊंचाई देने की जिम्मेदारी मिली है तो निश्चित तौर पर भारत और ओमान सल्तनत के देशों के बीच खाद्यय, उर्वरक, गैस, खनिज, चिकित्सा एवं शिक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर बेहतर संभावनाएं तलाशी जाएंगी। यह भी तलाशा जाएगा कि किस प्रकार वाणिज्यक गतिविधियों को और बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि वह ब्रज के रहने वाले हैं। वह चाहते हैं कि ओमान सल्तनत व उससे जुड़े देश के लोगों को भारत की ओर से गुणवत्तापूर्ण एवं अधिक से अधिक मात्रा में खाद्यय सहित सभी प्रकार की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इससे भारत और ओमान के व्यापारिक रिश्तों को और ऊंचाई मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वे भगवान कृष्ण के व्यक्तित्व से प्रभावित हैं। ब्रज उनकी कर्मभूमि भी है। लिहाजा ब्रज के किसानों एवं व्यापारियों के हित भी वे ओमान में वाणिज्यिक संभावनाओं को तलाशेंगे। ताकि यहां के लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में वे ओमान के साथ मिलकर आगरा क्षेत्र में चिकित्सा यूनिवसिर्टी बनाए जाने के पक्षधर भी हैं। इसमें हर तबके के बच्चों को चिकित्सकीय शिक्षा क्षेत्र में जाने का सुलभ मौका मिल सकेगा। इससे पूर्व उनका चौधरी दिगम्बर सिंह, पंडित जगदीश सुपानियां, निहाल सिंह, सुभाष गोयल, हरिओम गुप्ता, अनिल प्रभारी, विजन प्रधान, दिनेश बठैनियां, संजय बठैनिया, अजय गोइंका, अनिल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अन्नू वैद्य, गोकुलचंद खंडेवाल, धर्मवीर शर्मा, विजेंद्र तिवारी, ठा. श्याम प्रधान, होती लाल चौधरी, योगेश खंडेवाल, बालकिशन शर्मा, नीरज अग्रवाल , मंडी सचिव उमेश चौधरी, आदि थे। अध्यक्षता पदम बाबूजी ने व संचालन विनोद जैन ने किया। समाजसेवी एवं उद्यमी पंडित जगदीश सुपानियां ने ट्रेड कमिश्नर से खाडी देशों से आने वाली बिटुमिन उत्पादों में बिचौलियों द्वारा टैक्स चोरी और उससे व्यापारियों को होने वाली आर्थिक एवं मानसिक परेशानी के मामले को उठाते हुए उसके समाधान तलाशने की बात कही। कहा कि देश के व्यापारियों को बेहतर व्यवस्था के माध्यम से ही प्रोत्साहन मिल सकेगा।

# अलीगढ़ के गुलवीर ने जापान में लहराया भारत का परचम, 5000 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

## गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. गुलवीर की इस उपलब्धि से देशभर में खुशी का माहौल




अलीगढ़ देश मे प्रतिभाओं की कमी नहीं है यही कारण है देश भर की प्रतिभाएं विदेशों में इतिहास रचकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं. उन्हीं प्रतिभाओं में से एक है अलीगढ़ के गुलवीर जिन्होने जापान में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चौलेंज कप में अलीगढ़ जिले के साथ देश भर में जश्न का माहौल पैदा कर दिया है. देश के तेज धावक गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में इतिहास रचकर जापान में स्वर्ण पदक जीतकर महा रिकॉर्ड बनाया है. यह रिकॉर्ड अब से पहले किसी के नाम नही था. उन्होंने जापान में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है, जो रिकार्ड महज अबसे पहले 1 वर्ष पहले 2023 में बना था लेकिन अब ये रिकार्ड गुलवीर के नाम होने से लगातार सभी देशवासी गुलवीर के इस प्रयास की जमकर प्रसंशा करते नजर आ रहे है. आपको बता दें विदेश की धरती नीगाटा जापान में गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए 13रू11रू82 मिनट में इस दौड़ को पूरा करने के बाद अविनाश साबले का 1 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वस्त करते हुए नया रिकार्ड बनाया है.गुलवीर के नाम हैं ये रिकॉर्डइस उपलब्धि पर प्रशिक्षक और गुलवीर को उपलब्धि को ओर लेजाकर नया जूनन पैदा करने वाले यूनुस खान ने खुशी जताई है. जो हुनर यूनिस खान ने गुल. वीर को दिया अब वो सफल हो चुका है. वहीं दूसरी ओर अब से पहले की अगर बात कही जाए तो अमेरिका के पोर्टलैंड शहर में आयोजित 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गुलवीर ने देश का नाम रोशन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया था. साथ ही गुलवीर ने चीन के हांगझाऊ में 19वें एशियन गेम्स में 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर जिले व देश का नाम रोशन किया था. जिसके बाद अब गुलवीर अपने नाम नया रिकॉर्ड कायम कर चुके है.दरअसल अलीगढ़ जिले के तहसील अतरौली के छर्रा के गांव सिरसा के रहने वाले गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स में 28.17 मिनट में 10 हजार मीटर दौड़ पूरी करके कांस्य पदक जीता था. गुल. वीर की अगर बात कही जाए तो उनमें दौड़ जैसी प्रतियो. गिता में हिस्सा लेने का जुनून सवार रहता था साधारण परिवार से आनेवाले गुलवीर भारतीयसेना में हवलदार के पद पर तैनात होते हुए दर्जनों प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके है. साथही प्रदेश और राष्ट्र सहितअंतराष्ट्रीय स्तर पर 30 से ज्यादा पदक जीतने के बाद देश के नाम कर चुके है फिलहाल गुलवीर की नई उपलब्धि पर पूरा देश गौरा. न्वित करता नजर आ रहा है.




## मसूदाबाद-सारसौल बस स्टैंड का हाल एक ओर मुसाफिरों को बस नहीं मिल रहीं, दूसरी ओर 30 से अधिक बसें खाली खड़ीं


मसूदाबाद बस स्टैंड पर खड़ी रोडवेज बसें

उमस भरी गर्मी में एक ओर मुसाफिरों को बसें नहीं मिल रही हैं, दूसरी ओर 30 से अधिक बसें खाली खड़ी थीं। अधिकारियों का कहना है कि बसों का लोड फैक्टर पूरा नहीं होने से संचालन कम किया गया है।अलीगढ़ शहर के मसूदाबाद और सारसौल बस स्टैंड पर पहुंच रहे मुसाफिरों को घंटों के इंतजार के बाद भी बसें नहीं मिल रही हैं। 30 सितंबर को मसूदाबाद बस स्टैंड पर पहुंचे मुसा. फिर बसों के इंतजार में बेबस नजर आए। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से भी यात्री बेहद परेशान हैं। उमस भरी गर्मी में एक ओर मुसाफिरों को बसें नहीं मिल रही हैं, दूसरी ओर 30 से अधिक बसें खाली खड़ी थीं। अधिकारियों का कहना है कि बसों का लोड फैक्टर पूरा नहीं होने से संचालन कम किया गया है। गणेश चंद्र शर्मा अपने छह साथियों के साथ बाला जी राजस्थान जाने के लिए मस. दाबाद बस स्टैंड पहुंचे थे। सुबह 11 बजे से इंतजार करते–करते पांच घंटे बाद उन्हें शाम चार बजे रा. जस्थान डिपो की बस मिल सकी। उन्होंने कहा कि अगर पूछताछ से सही जानकारी मिल जाती तो वह इतनी देर तक इंतजार नहीं करते।
उसी वक्त स्टैंड पर आते, जब बस का समय होता।

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय धनीपुर एवं मडराक का किया निरीक्षण

अलीगढ़ जिले के सात कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं को पठन–पाठन के लिए बेहतर माहौल प्रदान करने एवं खेलकूद से सबंधित विभिन्न उपकरणों की स्थापना के लिए जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप से धनराशि कार्यदाई संस्था आरईडी को प्रदान की है।
जिलाधिकारी ने आरईडी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता को परखने के लिए मंगलवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय धनीपुर एवं मडराक का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एक्सईएन आरईडी एस0पी0 राव, बीएसए राकेश कुमार सिंह एवं सहायक अभियंता सुनित कुमार, बीईओ रामशंकर कुरील भी उपस्थित रहे। कस्तूरबा गांधी विद्यालय धनीपुर में 4.44 लाख रूपये की धनराशि से ओपन जिम, शौचालय, वाल पेंटिंग एवं अन्य सौन्दर्यीकरण कार्य के
सापेक्ष 3 लाख 76 हजार 458 का कम कर कार्य कराए गए हैं। डीएम ने कराए गए कार्यों के निरीक्षण में ओपन जिम में मात्र दो उपकरण स्थापित होने एवं प्लेटफार्म न बनाने, वाल पेंटिंग गुणवत्ता पूर्ण न होने समेत अन्य कार्यों पर असंतोष प्रकट करते हुए ठेकेदार का भुगतान रोकने के साथ ही जेई लवकेश कुमार सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं पर्ववेक्षणीय कार्य में शिथिलता बरतने पर एक्सईएन आरईडी एस0पी0
राव और बीईओ रामशंकर कुरील से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीडीओ को निर्देशित किया कि



तत्काल तकनीकी जांच टीम गठित करते हुए सभी विद्यालयों में कराए गए कार्यो की तकनीकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तकनीकी जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कार्य मानक व गुणवत्तापूर्ण नहीं पाए जाते हैं तो समस्त धनराशि जेई लवकेश कुमार सिंह के वेतन से वसूली जाए और ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाए।कस्तूरबा गांधी विद्यालय मडराक का किया निरीक्षण डीएम विशाख जी0 ने मंगलवार को विकासखंड लोधा के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय मडराक का निरीक्षण किया। विद्यालय में अवर अभियंता मनोज कुमार की देखरेख में लगभग 6 लाख की धन. राशि से कार्य कराए गए है। विद्यालय में कराए गए कार्य के प्रति जिलाधिकारी ने संतोष प्रकट किया। इस दौरान बीडीओ आदिल फैज, ईओ रमा दुबे भी उपस्थित रहीं। विद्यालय की वार्डन संगीता शर्मा ने बताया कि ओपन जिम की स्थापना से छात्राएं काफी प्रफुल्लित हैं। खाली समय मे ओपन जिम का सदुपयोग हो रहा है। छात्राओं की मांग पर उन्होंने परिसर में एक शी–शॉ की भी स्थापना कराए जाने का अनुरोध किया।

### प्रकाशनार्थ रॉयल क्रिकेट क्लब का 100 बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से डी ए बी में

रॉयल क्रिकेट क्लब का 100 बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से डी ए बी मेंरोयल क्रिकेट क्लब द्वारा आपके अपने शहर अलीगढ़ में पहली बार शुरुआत हो रही है 100 बॉल क्रिकेट की, जिसके लिए खिलाड़ियों का चयन बोली लगाकर गायत्री पैलेस में संपन्न हुआ । ऑक्शन की जानकारी देते हुए पीयूष गुप्ता प्रिंस ने बताया इस तरीके का टूर्नामेंट अलीगढ़ शहर में पहली बार हो रहा है जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांच से भरपूर रहेगा । रॉयल क्रिकेट क्लब के प्रभारी विपिन वार्ष्णेय जी , अध्यक्ष मनीष अजगर जी एवं कोषाध्यक्ष आशू गैस जी ने जानकारी दी है कि 100 बॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर से डी ए बी ग्राउंड पर की जा रही है, साथ ही टूर्नामेंट को और भी ज्यादा रोमांचित बनाने के लिए शहर के सभी क्रिकेट प्रेमियों को आमंत्रित करने का आग्रह किया है । ऑक्शन के दौरान गायत्री पैलेस में अतुल रा. जाजी , मिलन वार्ष्णेय , गौरव मेडिकल , युगल वार्ष्णेय , रिषभ वार्ष्णेय , समीर मास्टर , लकी तनिष्क , सौरभ नन्नूमल , आयुष वार्ष्णेय , मनीष मैक्स , विजय विनी, अभिषेक जॉर्डन , प्रतीक कि. राना , नितिन मौसा आदि मौजूद रहे ।

## रामलीला में 1 अक्टूबर के कार्यक्रम

अलीगढ़ की श्रीरामलीला गौशाला कमेटी द्वारा शहर के अचल ताल स्थित रामलीला ग्राउंड पर 104वां श्री रामलीला महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। रामलीला मंचन 26 सितंबर से 14 अक्टूबर तक है। रामलीला में आज के यह हैं कार्यक्रम... श्रीराम विवाहकै. कई का कोप ,भवन में जाना श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण जी का वन गमन

## पर्व, त्योहार एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 30 नवम्बर तक धारा 163(4) लागू

अलीगढ़ 01 अक्टूबर 2024 (सू0वि0)रू जिले में 02 अक्टूबर को महात्मा गाँधी जयन्ती, 15 अक्टूबर तक कृष्णलीला, रामलीला, श्री रामबारात, काली की सवारी, हनुमान जी की सवारी, शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, महानवमी, विजयदशमी, 31 अक्टूबर को दीपावली, 02 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 03 नवम्बर को भैयादूज, चित्रगुप्त जयन्ती, 15 नवम्बर को गुरुनानक जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा, 24 नवम्बर को गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस एवं विभिन्न बोर्ड व विश्वविद्यालय की समय–समय पर आयोजित परीक्षाओं और अन्य संवेदनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामा. जिक तत्व जनपद के ग्रामीण क्षेत्र की शान्ति–व्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे शान्ति एवं कानून–व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में शान्ति–व्यवस्था, कानून–व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(4) लागू तिथि से 02 माह के लिए लागू किया जाना आवश्यक है। यद्यपि जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति वर्तमान में पूर्ण नियन्त्रण में है, फिर भी इस दिशा में विशेष सावधानी बरतने व सजग रहने के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से 30 नवम्बर तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(4) लागू कर दी गई है।

01. उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक संगठन सक्षम अधिकारी के बिना किसी पूर्व अनुमति के जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार का धरनाध्प्रदर्शनध्जुलूसध्रैलीध्शोभायात्राध्जनसभाध्जयंती आदि का आयोजन नहीं करेगा और न उसमें भाग लेगा और न ही निकालने के लिये प्रेरित करेगा।

02. कोई भी व्यक्ति विभिन्न धर्मों, जातियों एवं सम्प्रदाय के मतावलम्बियों की धार्मिक अथवा जातीय भावनाओं को नहीं भड़कायेगा और न ही अन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या पूजा के अन्य स्थानों का प्रयोग भडकाऊ भाषणों हेतु करेगा।

03. कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध प्रयोजन हेतु किसी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और न ऐसे समूह में शामिल होगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा।

04. कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा तथा झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा तथा नही करायेगा और न इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेख, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लिखेगा और प्रकाशित नहीं करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

05. कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैंडबिल, दीवार लेखन, बैनर पोस्टर नहीं लिखेगा और न प्रकाशित करेगा और ना कराएगा जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना हो।

06. कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो।

07. कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन किसी भी व्यक्ति व समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा या गाली का प्रयोग नहीं करेगा तथा न ही किसी के पुतला दहन आदि कर व्यक्ति की मर्यादा को भंग करेगा और न ही उत्तेजनात्मक, साम्प्रदायिक नारे लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो।

08. कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों ६ परीक्षा स्थल तथा किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बल्लम, चाकु, तलवार, भाला अथवा अग्नेयास्त्र जैसे बन्दूक, पिस. टलआदि तथा ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब आदि लेकर नहीं जायेगा और न अपने पास रखेगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा, अपाहिज या नेत्रहीन अपने सहारे के लिये छड़ी तथा सिक्ख धर्म के अनुयायी म्यान में कृपाण रख सकते हैं।

09. विभिन्न बोर्ड विश्वविद्यालय की समय–समय पर आयोजित परीक्षाओ के दृष्टिगत, परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में लाउड स्पीकर या अन्य ध्वनि प्रसारण यंत्र निर्धारित ध्वनि मानक के अन्तर्गत का प्रयोग बिना पूर्व अनुमति के नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध धार्मिक कार्यों के लिए परम्परागत रूप से शादी बारात, मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि में होने वाली प्रार्थना सभा पर लागू नहीं होगा।

10. कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर तथा घरों ६ दुकानों आदि भ. वनों की छतों पर ईंट, पत्थर, रोडे, कांच की बोतलें, लोहे की सरिया, फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं तथा ज्वलनशील पदा. र्थ एकत्रित नहीं करेगा और न करायेगा।

11– कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान के आस–पास किसी भी धमाकेदार आतिशबाजी या हवा में उड़कर आवाज करने वाली किसी आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेगा और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेगा एवं कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी से अनुमतिध्लाइसेंस प्राप्त किये बिना कोई भी विस्फोटक पदार्थध्आतिशबाजीध्पटाखा आदि न ही निर्माण करेगा, न ही भण्डारण करेगा, न ही बेचेगा एवं न ही किसी प्रकार का आदान–प्रदानध्परिवहन आदि करेगा। कोई भी व्यक्ति अपनेयहां सम्बंधित थाने से पुलिस सत्यापन के पश्चात ही किरायेदार रखेगा।

12– कोई भी व्यक्ति अपने यहां संबंधित थाने से पुलिस सत्यापन के पश्चात ही किराएदार रखेगा।

13– कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह भाँग या शराब या अन्य किसी मादक पदाथका सेवन कर उदण्डता नहीं करेगा और न ही नशे की हालत में सड़क या किसी सार्वजनिक स्थान पर घूमेगा।उन्होंने बताया कि चूँकि यह मामला विशेष आपातिक परिस्थितियों का है और इतना समय नहीं है कि इस आदेश की सभी सम्बन्धितों पर व्यक्तिगत तामील करायी जा सके। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। धारा–163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अन्तर्गत यह आदेश दिनांक 30.09.2024 से जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा दिनांक 30. 11.2024 तक लागू रहेगा, यदि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाये। इस आदेश की प्रति समस्त तहसील, थाना, विकास खण्ड, स्कूलों, नगर पालिका परिषदोध्नगर पंचायती पर प्रचार प्रसार हेतु चस्पा की जाये।यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता की धारा–233 के अन्तर्गत तथा अन्य सुसंगतअधिनियमों एवं विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत दण्ड का भागी होगा। यह आदेश सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र अलीगढ़ में लागू होगा और समस्त व्यक्तियों को सम्बोधित किया जाता है, जो इस अवधि में जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में रहेंगे या आवागमन करेंगे।

# सिर्फ 99 रूपये में शराब की पॉलिसी हुई लागू, 5500 करोड़ रूपये की होगी कमाई



आंध्र प्रदेश सरकार ने अपनी नई लिकर पॉलिसी का नोटिफिकेशन मंगलवार को जारी कर दिया है. चंद्रबाबू नायडू सरकार ने राज्य में शराब के दाम 99 रुपये तय कर दिए हैं. राज्य सरकार का दावा है कि इसकी मदद से न सिर्फ अवैध शराब पर लगाम लगाई जा सकेगी बल्कि देसी कंपनियों को भी सस्ती ब्रांडेड शराब बनाने का मौका मिलेगा. सरकार को उम्मीद है कि उनकी नई एक्साइज पॉलिसी से राज्य को करीब 5500 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल हो सकेगा. यह पॉलिसी 12 अक्टूबर से लागू हो जाएगी. इसके अलावा राज्य में 3,736 शराब की दुकानें भी खोली जाएंगी.प्रदेश में 99 रुपये या इससे सस्ती ब्रांडेड शराब मिला करेगी राज्य सरकार ने एक्साइज पॉलिसी का नोटिफिकेशन जारी करते हुए दावा किया कि इसे हरियाणा जैसे राज्यों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया है. अब राज्य में शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया है. अब प्रदेश में 99 रुपये या इससे सस्ती ब्रांडेड शराब मिला करेगी. राज्य में पिछले 5 साल से शराब की सेल कम होती जा रही है. अब सरकार को उम्मीद है कि इसमें इजाफा हो सकेगा और राज्य देश के टॉप 3 मार्केट में शामिल हो पाएगा. नई एक्साइज पॉलिसी फिलहाल दो साल के लिए लागू की गई है. इससे कंपनियों में स्थिरता रहेगी और रिटेलर भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में इससे जुड़ सकेंगे.

5 साल से लगातार बढ़ रहे थे दाम, कम हो रही थी सेल आंध्र प्रदेश में 5 सालों के दौरान शराब के दाम लगातार बढ़े हैं, जिसके चलते सेल में गिरावट आई है. देश में बियर इंडस्ट्री को चलाने वाली संस्था के अनुसार, अब राज्य में निवेश भी बढ़ सकता है. हर ब्रूरी पर लगभग 300 से 500 करोड़ रुपये खर्च होते हैं. नई पॉलिसी के चलते ज्यादा से ज्यादा कंपनियां राज्य में आना चाहेंगी. एक्साइज पॉलिसी के अनुसार, लाइसेंस को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए दिया जाएगा. राज्य में 4 तरह के लाइसेंस मिलेंगे, जिनकी फीस 50 लाख रुपये से 85 लाख रुपये के बीच रखी गई है. दुकान मालिकों को सेल्स पर 20 फीसदी लाभ दिया जाएगा. इसके अलावा 12 प्रीमियम शॉप का लाइसेंस 5 साल के लिए 1 करोड़ रुपये में लिया जा सकेगा.

## त्योहारी सीजन पर किसानों को बड़ी सौगात, पीएम मोदी 5 अक्टूबर को किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त करेंगे


त्योहारी सीजन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9.5 करोड़ किसानों को सौगात देने वाले हैं. 5 अक्टूबर, 2024 को पीएम मोदी महाराष्ट्र के वाशिम में बटन दबाकर 9.5 करोड़ किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की 18वीं किस्त ट्रांसफर करेंगे. मोदी सरकार के लगातार तीसरी सत्ता में आने के बाद 18 जून, 2024 को किसानों के बैंक खातों में 17वीं किस्त ट्रांसफर की गई थी.5 अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग भीमहाराष्ट्र में आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव होने हैं साथ में 5 अक. टूबर, 2024 को जिन दिन पीएम किसान सम्मान योजना के तहत 9.5 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 2000 रुपये ट्रांसफर किए जायेंगे उस दिन हरियाणा में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान भी हो रहा होगा.किसानों को अब तक मिले 3.25 लाख करोड़ रुपये प्रधानमंत्री



**दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी स्कीम पीएम किसान सम्मान के तहत 9.25 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 3.25 लाख करोड़ रूपये ट्रांसफर किया**

किसान सम्मान निधि योजना दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट ट्रासंफर स्कीमों में से एक है. 2019 के लोकसभा चुनावों के ठीक पहले मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश करते हुए स्कीम को लॉन्च किया था. पीएम किसान योजना के तहत साल में तीन किस्तों में किसानों को 6000 रुपये सीधे बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जाती है जिससे महंगे बीज खाद से उन्हें राहत दी जा सके. पीएम किसान योजना में अबतक 17 किस्त में 9.25 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 3. 25 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किया जा चुका है.पीएम किसान के रजिस्ट्रेशन के लिए मझल्ब है जरूरी पीएम किसान से सरकार के आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए रजिस्टर्ड किसानों का ई–केवाईसी होना बेहद जरूरी है. पीएमकिसान पोर्टल पर ओटीपी बेस्ट ई–केवाईसी उपलब्ध है. इसके अलावा बायोमेट्रिक बेस्ड ई–केवाईसी के लिए नजदीकी सीएससी सेंटर्स में संपर्क किया जा सकता है. खाते में पैसा आया या नहीं ऐसे करें चेक पीएम किसान योजना के लाभार्थी किसान सबसे पहले पर जाएं. होमपेज पर सम्बंधित लिंक पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या आधार नंबर डालें. इसके बाद कैप्चा दर्ज करें. इसके बाद ळमज ̈जंजने पर क्लिक करें.इसके बाद स्क्रीन पर किस्त से जुड़ा स्टेटस नजर आएगा. मोबाइल ऐप के माध्यम से किसान अपने भुगतान की स्थिति की जांच कर सकते हैं.

## शेयर बाजार में मंगल शुरुआत, सेंसेक्स 300 अंक उछला, निफ्टी 25,900 के पार



कल की भारी गिरावट के बाद आज भी घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के साथ ही शुरुआत होने का अंदेशा था, हालांकि आज शेयर बाजार में तेजी लौटने से निवेशकों को राहत मिल चुकी है. कल की भारी गिरावट पर क्लोजिंग के बाद आज खरीदारी के मौके वापस मिले हैं. बैंक निफ्टी ने आज ओपनिंग मिनटों में 205 अंकों के उछाल के साथ तेजी दिखाई है.सुबह 10.40 बजे बाजार में गिरावट लौटीसुबह 10.40 बजे बीएसई सेंसेक्स में 100 अंकों से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है. बीएसई सेंसेक्स 107.97 अंक या 0.13 फीसदी गिरकर 84,191.81 पर आ गया है. इसके अलावा एनएसई निफ्टी में 36.80 अंक या 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 25,774.05 पर कारोबार देखा जा रहा है.

कैसी रही शेयर बाजार की ओपनिंग बीएसई का सेंसक्स आज 84,257.17 पर खुला है और इसमें बढ़त के साथ शुरुआत हुई है. निफ्टी के 50 में से 38 शेयरों में तेजी देखी जा रही है और इसमें 25,788.45 पर कारोबार देखा जा रहा है.

किन शेयरों में बन रहा पैसाटेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, इंफोसिस, एलएंडटी के शेयरों में उछाल देखा जा रहा है और ये टॉप गेनर्स बने हुए हैं. सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में एमएंडएम का शेयर भी है. सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयरों में तेजी देखी जा रही है और 10 शेयरों में गिरावट बनी हुई है. टॉप लूजर्स में एशियन पेंट्स, टाइटन, सन फार्मा, एचयूएल और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों का नाम है.

बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन उछला बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन 475 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है और इसमें आज अच्छा उछाल देखा जा रहा है. 3189 शेयरों में आज बीएसई पर ट्रेड देखा जा रहा है जिसमें से 2072 शेयरों में तेजी है और 986 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. 131 शेयर बिना किसी बदलाव के साथ हैं.

निफ्टी के किन शेयरों में आज तेजी–गिरावट निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 शेयरों में तेजी देखी जा रही है और 17 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है. टॉप गेनर्स की बात करें तो टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और इंफोसिस के नाम शामिल हैं. गिरने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाइटन, हिंडाल्को, आयशर मोटर्स और सन फार्मा के शेयरों में सुस्ती देखी जा रही है.

प्री–ओपन में बाजार में गिरावट
बीएसई सेंसेक्स में 39 अंकों की गिरावट के साथ 84260 के लेवल पर कारोबार देखा जा रहा था और एनएसई निफ्टी में 22.40 अंकों की कमजोरी के साथ 25788 के लेवल पर ट्रेड देखा जा रहा था.

# सेनको गोल्ड के स्टॉक ने 15 महीने में दिया 390 फीसदी का रिटर्न, अब कंपनी लेने जा रही ये फैसला



जेम्स एंड ज्वेलरी कंपनी सेनको गोल्ड का स्टॉक ¼Senco Gold Stock½ मंगलवार 1 अक्टूबर 2024 के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है. स्टॉक सुबह 1478 रुपये पर खुला और करीब 8 फीसदी के उछाल के साथ 1544 रुपये के ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा है. शेयर में तेजी की वजह कंपनी की ओर से एक्सचेंज को दी गई वो सूचना है जिसमें कंपनी ने बताया कि 4 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड बैठक में कंपनी फंड जुटाने के साथ स्टॉक स्प्लिट पर विचार करेगी. 4 अक्टूबर को बोर्ड बैठक स्टॉक एक्सचेंज ¼Stock EÛchange½ के पास रेगुलेटरी फाइलिंग में सेनको गोल्ड ने बताया कि 4 अक्टूबर 2024 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक बुलाई गई है जिसमें इक्विटी शेयर्स जारी कर प्रीफ्रेंशियल इश्यू, प्राइवेट प्लेसमेंट या क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट या दूसरे तरीके से फंड जुटाने पर चर्चा की जाएगी. इसके बाद शेयरधारकों और दूसरे रेगुलेटरी मंजूरी भी ली जाएगी. बोर्ड बैठक में 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले मौजूदा शेयर्स के सब–डिविजन या स्प्लिट के प्रस्ताव पर चर्चा कर बोर्ड से मंजूरी ली जाएगी. आईपीओ बाद से स्टॉक ने दिया 390 फीसदी का रिटर्न सेनको गोल्ड का स्टॉक निवेशकों के लिए मल्टीबैगर शेयर साबित हुआ है. जुलाई 2023 में सेनको गोल्ड का आईपीओ आया था और कंपनी ने 317 रुपये के इश्यू प्राइस पर बाजार से पैसे जुटाये थे. 317 रुपये वाले स्टॉक ने 1544 रुपये का हाई बनाया है. यानि केवल 15 महीने में स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को 387 फीसदी का रिटर्न दिया है. साल 2024 में स्टॉक में 114 फीसदी और एक साल में 141 फीसदी का उछाल आ चुका है. कंपनी का मार्केट कैप 11,572 करोड़ रुपये पर जा पहुंचा है. ब्रोकरेज हाउस स्टॉक पर बुलिश कंपनी का मार्केट कैप 11,572 करोड़ रुपये पर जा पहुंचा है. हाल में कई ब्रोकरेज हाउसेज सेनको गोल्ड के स्टॉक पर बुलिश रहे हैं. ब्रोकरेज हाउस ने निवेशकों को सेनको गोल्ड के स्टॉक को खरीदने की सलाह दी है. एमके ग्लोबल (म्ांल ळसवइंस) ने 1600 रुपये स्टॉक का टारगेट प्राइस दिया है.